हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026

नववर्ष की शुभकामनाएं 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

## खबर संक्षेप

### वीर बाल विकास कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ.संजय कन्नौजे सारंगढ़ के समीप ग्राम पचपेड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित वीर बाल विकास कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर ने बच्चों से नामए गिनतीए पहाड़ा पूछकर उनसे बात कर उनका हालचाल और ज्ञान को जाना। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों द्वारा विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। खेलों के माध्यम से बच्चों के शारीरिकए मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह एवं आनंद देखने को मिला।

### मुनाफा दिला रही प्राकृतिक खेती

**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा विकासखण्ड के भकुर्रा गाँव में रहने वाले जयकुमार गुप्ता साधारण किसान नहीं, बल्कि नई सोच के प्रतीक हैं। बीए तक शिक्षित जयकुमार ने नौकरी की राह छोड़कर खेती को ही अपना भविष्य बनाया और यह साबित कर दिया कि सही सोच और तकनीक से खेती भी लाभ का बड़ा माध्यम बन सकती है। जहाँ एक ओर कई किसान रासायनिक खेती की बढ़ती लागत से परेशान हैं, वहीं जयकुमार गुप्ता प्राकृतिक खेती के सहारे न केवल निश्चिंत हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भी बन चुके हैं। प्राकृतिक खेती कर रहे जयकुमार आज भी पशुधन को खेती की रीढ़ मानते हैं। उनके पास 3 गायें और 2 बैल हैंए जो उनकी खेती की आत्मा हैं। एक ही फसल पर निर्भर न रहकर वे धान, उड़द, मूंगफली और विभिन्न सब्जियों की खेती करते हैं। यह फसली विविधता न केवल उनकी आय को सुरक्षित करती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखती है। विज्ञान और परंपरा के संतुलन से वे जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र और हरी खाद का उपयोग करते हैं। ढैंचा और सनई जैसी फसलों से हरी खाद, फसलों के अवशेषों से कम्पोस्ट, फेरोमोन ट्रैपए लाइट ट्रैप और ट्राइकोडर्मा जैसे उपाय उनकी खेती को कीट और रोगों से सुरक्षित रखते हैं।

### धमतरी में 10 से 24 तक होगी अग्निवीर भर्ती रैली

**रायगढ़।** भारतीय सेना द्वारा जनवरी 2026 में प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। यह भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवार भाग लेंगे। रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं एवं 8 वीं पास श्रेणियों की भर्ती की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अब शारीरिक दक्षता परीक्षा और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल हो सकेंगे।

### निगम आयुक्त ने लिया गंगाधरपाली का जायजा

**राउरकेला।** राउरकेला नगर निगम आरएमसी ने शहर के स्लम और बस्ती क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में अपनी विशेष पहल को और आगे बढ़ाया है। मंगलवार शाम को आरएमसी आयुक्त दीना दस्तगीर ने गंगाधरपाली क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद किया । उनकी दैनिक जीवन की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान वाटको, विद्युत विभाग, सीवरेज विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति, प्रभावी जल निकासी, सड़कों के किनारे बुनियादी ढांचे में सुधार और भरोसेमंद विद्युत सेवाओं की उपलब्धता को लेकर च र्चा की गई।

# कच्ची जड़ी-बूटियों से इलाज करने वाले पारंपरिक वैद्यों का होगा सर्वे

## छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य एंव औषधि पादव बोर्ड की ओर से कराई जाएगी सर्वे

स्वतंत्र महंत ⏭ रायगढ़

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



आधुनिकता के इस दौर में जब हम एआई की मदद ले रहे हैं, ऐसे वक्त में यदि प्राचीन समय में इलाज का एक मात्र माध्यम जंगल की कच्ची जड़ी-बूटियों को सहेजने की कवायद को लेकर मन में कुछ नकारात्मक विचार जरुर आ सकता है, लेकिन यह कुछ हद तक जरुरत भी है। इससे भावी पीढ़ियों को जहां इसकी महत्ता की जानकारी मिलेगी। वहीं विलुप्त हो रहे ऐसी पारंपरिक चीजों को सहेजा भी जा सकता है। ऐसे ही शासन ने कच्ची जड़ी-बूटियों से इलाज करने वाले पारंपरिक वैद्यों का सर्वे करने और उनको सहेजने कवायद शुरु कर दी है। इसका सर्वे छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य एंव औषधि पादव बोर्ड की ओर से कराई जाएगी। सर्वे का काम फॉरेस्ट्री में स्नातक और स्नातकोत्तर बॉयोलॉजी, बॉटनी, बायोटेक्नोलॉजी, बायो कैमेस्ट्री, माइक्रोबॉयलॉजी, सोशयोलॉजी, एमएसडब्ल्यू, एन्थ्रोपोलॉजी, एग्रीकल्चर और हॉर्टीकल्चर के अनुभवी व्यक्ति करेंगे।

प्राचीन समय में जंगली जड़ी- बूटियों से इलाज की परंपरा थी। यह केवल सभ्यता और संस्कृति में ही नहीं बल्कि रामायण में भी उल्लेख है। शासन की ओर से राज्य की समृद्ध वनस्पति और पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाई जा रही है। इसके तहत कच्ची जड़ी-बूटियों से इलाज करने वाले (पारंपरिक) वैद्यों का सर्वे कराया जा रहा है, ताकि उनके ज्ञान को संरक्षित किया जा सके। ऐसे लोगों को प्रशिक्षण देकर पंजीकृत किया जा सके और 'बूटी गढ़' जैसे केंद्रों के माध्यम से औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आयुर्वेद को मजबूत करने की कवायद की जा रही है।

### धमतरी में हुई है बूटी गढ़ की स्थापना

जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में बूटी गढ़ नामक एक अनोखा केंद्र स्थापित किया गया है, जो जल संरक्षण और आयुर्वेदिक चिकित्सा का संगम है। रस शाला (रसायन बनाने की प्रयोगशाला) भी इसमें शामिल है। साथ ही किसानों को औषधीय पौधों की खेती करने और जनजातीय समुदायों को वन संपदा के संग्रह के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### यह है शासन का उद्देश्य

जानकारी के अनुसार शासन पारंपरिक ज्ञान और जड़ी-बूटियों को विलुप्त होने से बचाना चाहती है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद को एक प्रभावी चिकित्सा विकल्प बनाना, स्थानीय समुदायों की आजीविका को मजबूत करना, छग को आयुर्वेद और औषधीय पौधों के क्षेत्र में अग्रणी बनाना मुख्य उद्देश्य है। इसके तहत शासन की ओ से सभी पंजीकृत और अपंजीकृत वैद्यों का सर्वे कराने के बाद उन्हें प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र देगी। ताकि दस्तावेजीकरण की कमी के कारण उन्हें परेशानी न हो।

## 50 लाख से ज्यादा की जमा है गांव के अपने बैंक में रकम, बने आत्मनिर्भर

# गांव के लोगों ने बनाया अपना बैंक, जमा राशि से स्कूल के लिए खरीदी जमीन

वीरेंद्र सोनी ⏭ सरिया

सरिया क्षेत्र में एक ऐसा गांव राजपुर है। जहां लोग अपना गांव का बैंक बनाये हैं। और गांव इससे आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर है। वर्ष 1988-89 में सबसे शुरू गांव के लोगों ने सामुदायिक सहयोग की भावना को ध्यान में रखते हुए 25-25 रुपए देकर एक छोटा सा बैंक का निर्माण किया। जिसमें 23 लोग जुड़े थे। इस छोटी सी रकम आज इतनी बड़ी पूंजी बन गई है कि गांव के लोग अब इसे अपना बैंक मानकर आत्मनिर्भर हैं। वर्ष के अंत में यहां लोग अपने द्वारा ली गई धनराशि को जमा करते हैं और इसी दिन फिर जरूरतमंद लोगों को पैसा लेकर इनके काम काज में सहयोग करते हैं। जिसके कारण गांव में पलायन की समस्या दूर हो गई है। और गांव आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर है।

### खास बातें

- सन 1988-89 से चल रहा है राजपुर में गांव
- शुरुआत में 25-25 रुपए से चालू किया गया था राशि जमा

अलग खबर

गांव के बैंक का नींव रखने वाले बड़े बुजुर्ग कान्हू चरण बताता है कि आज से करीब 35-36 साल पहले हम 23 लोग 25-25 रुपए इकट्ठा किया और इसे जरूरतमंदों को न्यूनतम ब्याज पर देकर उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया। जो आज हमारा गांव पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर है। बताते हैं कि भारत की आत्मा गांव में बसती है और इसकी समृद्धि किसान के अथक प्रयास से होता है। हमारा गांव किसानों का गांव है और हमारे बैंक के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रहा है। यह एक ऐसी व्यवस्था है। जहां गांव के लोग अपनी जरूरत के लिए एक दूसरे पर और अपनों के बीच निर्भर हैं। जिसके कारण बाहर के दबाव से मुक्त होकर संवृद्धि जीवन की राह में है। वही गांव के प्रतिष्ठित नागरिक परदेसी प्रधान ने बताया कि गांव के बैंक की राशि से ही हम लोग जमीन खरीद कर शासन को दिए हैं। और शासन सहयोग से गांव में प्राइमरी स्कूल खुला है।





गांव के बैंक में जमा राशि की गिनती करते ग्रामीण और गांव में जमा राशि से खरीदी गई जमीन में निर्मित स्कूल।

### मंदिर का किया निर्माण, राममंदिर के लिए भेजी राशि

इसी तरह धार्मिक आस्था के केंद्र को भी ध्यान में रखते हुए गांव में एक मंदिर का निर्माण कराया गया है। तथा पिछले वर्ष अयोध्या में हमारे छोटे से गांव राजपुर से ही एक लाख से ज्यादा की राशि मंदिर निर्माण के लिए सहायता दी गई है। आज गांव के इस बैंक में करीब 50 लाख से ज्यादा की रकम है, और गांव संवृद्धि की ओर अग्रसर है। समस्या है तो आवागमन को लेकर। हमारे गांव की सड़क बहुत ही जर्जर है। लेकिन हमारे पास उतना पैसा नहीं कि हम सड़क का निर्माण कर सकें। गांव में आबादी भूमि नहीं है। गांव में कुछ लोग अपने जमीन में घर बना कर निवास किया और देखते ही देखते आज गांव में अधिकांश लोग अपने जमीन में ही घर निर्माण कर जीवन यापन कर रहे हैं।



# पुसौर क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों का धान मिलों के तौल में आ रहा अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

उपार्जन केन्द्रों में तौल करते समय 400 ग्राम धान अधिक लिया जाता है जो प्रति किलोग्राम के अनुसार 10 ग्राम धान अधिक होता है। 400 ग्राम ज्यादा धान लेने के बाद उपार्जन केन्द्रों में स्टेकिंग कर दिया जाता है। इस धान को दो चार दिन बाद जब मिलर उठाता है तो उनके संस्थान में कम हो जाता है।

समिति प्रबंधकों व फड प्रभारियों का मानना है सभी बोरे साबूत रहते हैं इसके बावजूद धान के बोरे जब मिल पहुंचते हैं तो वहां वजन कम हो जाता है। जानकारी के अनुसार धान खरीदी से जुडे अधिकारी मिल वालों के वजन को सही मानते हैं और उपार्जन केन्द्र प्रभारी को गलत। ऐसे में जो धान की कमी आती है उसे संबंधित उपार्जन केन्द्र प्रभारी को भरना पड़ता है। उपार्जन केन्द्र प्रभारियों का कहना है कि किसानों से 400 ग्राम अधिक लेने के बाद स्टेक करके रखते हैं और उसके कुछ ही दिन बाद उठाव से मिल में पहुंचने से कमी आती है। उस तौल के समय केवल मिलर के लोग ही रहते हैं।

# आंदोलन को मिला आत्मानंद संविदा शिक्षकों का समर्थन

**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा की जा रही कलम बंद काम बंद आंदोलन के अंतिम दिवस आंदोलन को और मजबूती मिली। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने फेडरेशन को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की, जिससे आंदोलन को नई ऊर्जा और व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एव कर्मचारी शिक्षक संघ के प्रतिनिधि के रूप में संघ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिलाध्यक्ष कुलदीप खटर्जी केशव डनसेना, श्री तिर्की उपस्थित रहे। संघ द्वारा जारी समर्थन पत्र में स्पष्ट किया गया कि छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ फेडरेशन के इस आंदोलन को पूर्ण नैतिक, वैचारिक एवं संगठनात्मक समर्थन प्रदान करता है। संघ ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक विभाग या संवर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के समस्त



कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं संविदाकर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और भविष्य से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। संघ ने यह भी कहा कि कर्मचारियों और संविदाकर्मियों की जायज मांगों को लेकर फेडरेशन द्वारा चलाया जा रहा यह आंदोलन समय की आवश्यकता है, और इसमें सभी संगठनों को एकजुट होकर सहभागी बनना चाहिए। फेडरशन की ओर से केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू किया जाए, एरियर्स की राशि कर्मचारियों के खाते में समायोजित की जाए, सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने समेत करीब 11 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# हरित वातावरण के लिए रखरखाव अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

शहर की स्वच्छता और पर्यावरणीय सौंदर्य को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राउरकेला नगर निगम आरएमसी ने शहर के विभिन्न हिस्सों में नियमित नागरिक रखरखाव अभियानों की गति बढ़ा दी है। इसके अंतर्गत सड़क किनारे लगाए गए सजावटी पौधों में नियमित जल छिड़काव तथा फुटपाथों की व्यवस्थित सफाई की जा रही है।

दैनिक रखरखाव कार्यक्रम के तहत नगर निगम की टीमें प्रमुख सड़कों, डिवाइडरों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए शोभाकारी पौधों को नियमित रूप से पानी दे रही हैं, ताकि विशेष रूप से शुष्क मौसम में उनकी स्वस्थ वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। यह पहल न केवल शहर की हरियाली को संरक्षित करने में सहायक है, बल्कि धूल के स्तर को कम कर वायु गुणवत्ता में सुधार और समग्र शहरी वातावरण को अधिक सुखद बनाने में भी योगदान दे रही है। इसके साथ ही आरएमसी के स्वच्छता कर्मी फुटपाथों की गहन सफाई कर धूल, कचरा और मलबा हटाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम मार्ग सुनिश्चित हो सके। इस अभियान का उद्देश्य नागरिक सुविधाओं में वृद्धि करना और स्वच्छता तथा शहरी अनुशासन के प्रति नगर निगम की प्रतिबद्धता को और मजबूत करना है।

# 91 करोड़ की लागत से बनेगा इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्सेक्स

**रायगढ़।** जिले के खेल प्रेमियों को नए साल में इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्सेक्स मिल सकता है। यह इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्सेक्स करीब 91 करोड़ की लागत से तैयार होगी। जहां खेली जाने वाली हर खेल की सुविधाएं होंगी। इसकी प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। स्पोर्ट्स कॉम्प्सेक्स का निर्माण लोहरसिंग में करीब 42 एकड़ में होगी। इसी तरह 12 करोड़ की लागत से जी प्लस टू ट्राजिट हॉस्टल का निर्माण होगा। इसमें करीब 40 कमरे बनेंगे। शहर और शहर के आसपास 6 फोर लेन सड़कों का भी निर्माण होगा। इसमें ढिमरापुर चौक से कोतरा रोड थाना तक का निर्माण करीब 42 करोड़ में पहले होगा। कारण यहां कोई निजी जमीन नहीं है। बाकी पांच फोर लेन सड़कों में प्राइवेट जमीनें आ रही है। इसके कारण दिक्कत है। इसी तरह इसी अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर गौर करें तो रिंग रोड, हवाई पट्टी, चक्रधर नगर ओवर ब्रिज जैसी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने की कवायद की जा रही है।



## कलेक्टर ने लैलूंगा व घरघोड़ा में पीडीएस चावल आपूर्ति की समीक्षा की

# लैलूंगा व घरघोड़ा में किया जा रहा पीडीएस चावल का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खबर का असर

जिले के आदिवासी विकासखंड लैलूंगा एवं घरघोड़ा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के अंतर्गत चावल की आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था की समीक्षा की। 27 दिसंबर को हरिभूमि ने जिले के दो आदिवासी ब्लॉक लैलूंगा और घरघोड़ा में पीडीएस चावल की कमी को लेकर खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद कलेक्टर ने बैठक लेकर इसकी समीक्षा की। इस दौरान खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा नॉन के प्रबंधक से से विस्तृत जानकारी ली गई। समीक्षा में जिला प्रबंधक, नॉन द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटन माह जनवरी 2026 के लिए पीडीएस चावल का भंडारण शासन के निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। घरघोड़ा ब्लॉक में 1657.88 मीट्रिक टन के निर्धारित आवंटन के विरुद्ध वर्तमान में 1652.88 मीट्रिक टन चावल उपलब्ध है। वहीं लैलूंगा विकासखंड में 1170.27 मीट्रिक टन के सापेक्ष वर्तमान उपलब्धता 468.46 मीट्रिक टन दर्ज की गई है। जिला प्रबंधक ने बताया कि लैलूंगा विकासखंड में उचित मूल्य दुकानों के लिए शेष 701.81 मीट्रिक टन चावल के भंडारण की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है।


दोनों ब्लॉकों में साढ़े 33 हजार एमटी चावल की होती है जरूरत
जिले के दो आदिवासी ब्लॉक लैलूंगा घरघोड़ा में पीडीएस चावल की कमी

इसके लिए मार्कफेड द्वारा सारंगढ़ जिले से सरप्लस चावल 999 मीट्रिक उपलब्ध कराया है, जिसमें से 317 मीट्रिक टन तथा खरीफ विपणन वर्ष 2024.25 के अंतर्गत रायगढ़ जिले की मिलरो से 985 मीट्रिक टन चावल प्राप्त किया जा रहा है। इस प्रकार कुल 1302 मीट्रिक टन चावल उपलब्ध होगा, जिससे शेष आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

### लगातार किया जा रहा भंडारण

समीक्षा में यह भी बताया गया कि पीडीएस चावल का भंडारण कार्य निरंतर प्रगतिरत है तथा आगामी आवंटन माह फरवरी 2026 के लिए भी आवश्यक तैयारी की जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए विभागीय समन्वय एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क जर्जर, हो रही परेशानी

**देवरी-सारागांव।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी से अमरुवा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2020 में निर्मित सड़क आज अपनी बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों की परेशानी का कारण बनी हुई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार बीते लगभग पांच वर्षों में इस सड़क की कई बार मरम्मत कराई गई, लेकिन हर बार मरम्मत के कुछ ही महीनों बाद सड़क फिर से उखड़ जाती है। वर्तमान में सड़क पर डामरीकरण कई स्थानों से पूरी तरह निकल चुका है और गिट्टियां बिखर गई हैं।

# खबर संक्षेप

## लाइवलीहुड कॉलेज में रोजगारोन्मुखी कोर्स संचालित, प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में निःशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक युवक.युवतियां निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## कार पलटने से किशोर की मौके पर मौत, दो गंभीर

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ एमसीएल सड़क पर बंधपाली आईबी पुल के समीप मंगलवार शाम करीब 7.30 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में 17 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान सम्पन्न पाणिग्राही 17 वर्ष के रूप में हुई है। वह सुंदरगढ़ शहर के पत्रापड़ा स्थित विजय टॉकीज रोड का निवासी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर में उसका एक रेस्टोरेंट भी संचालित था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार ऑडी 01 जे 5916 में सवार तीनों युवक बंधपाली की ओर से सुंदरगढ़ आ रहे थे। पुल से कुछ पहले एक मोड़ पर कार का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वाहन सड़क पर पलट गया। हादसे में सम्पन्न पाणिग्राही कार के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## बीरमित्रपुर अतिरिक्त तहसीलदार का तबादला

**बीरमित्रपुर।** अतिरिक्त तहसीलदार ज्योति रंजन बाग के अनुसूल स्थानांतरण के अवसर पर सोमवार को डायरेक्टर बंगला में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नगर के प्रशासनिक, सामाजिक एवं व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की और श्री बाग के कार्यकाल की सराहना की। कार्यक्रम में आईआईसी राम प्रसाद नाग, वाइस चेयरमैन निवेदिता बाग, जगदीश अग्रवाल, पार्षद कमलेश सिंह, निर्मला कुजूर, मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मूलचंद सेठ, पूर्व चेयरमैन शशि सागर, मोहन डोडराजका तथा बिक्रम पटनायक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीके शुक्ला ने किया।

## शहर में सार्वजनिक सभाओं व जुलूसों पर रहेगी सख्ती

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस ने जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सार्वजनिक बैठकों, सभाओं और जुलूसों को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 30(2) के तहत जारी इस अधिसूचना के अनुसार जनवरी, फरवरी और मार्च 2026 के दौरान किसी भी सार्वजनिक सड़क, गली, मार्ग या अन्य सार्वजनिक स्थान पर बैठक, सभा या जुलूस आयोजित करने के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। पुलिस अधीक्षक नितेश वाधवानी, आईपीएस ने बताया कि इस अवधि में ट्रेड यूनियनों, राजनीतिक दलों और विभिन्न संगठनों द्वारा सार्वजनिक सभाएं और जुलूस आयोजित किए जाने की संभावना है। सुंदरगढ़ के जिलाधिकारी ने भी इस स्थिति की गंभीरता स्वीकार की है। अधिसूचना के अनुसार, आयोजन करने वाले व्यक्ति या संगठन को संबंधित थाना प्रभारी से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।

## नए साल के जश्न पर हाथी के आतंक का साया

**राउरकेला।** रेलनगरी बंडामुंडा में साल के आखिरी दिन जंगली हाथी की मौजूदगी ने नए साल के जश्न पर पानी फेर दिया। जहां लोग 31 दिसंबर को उत्साह और उल्लास के साथ विदा करने की तैयारी में जुटे थे, वहीं जंगली हाथी के अचानक दिखाई देने से पूरे इलाके में भय और अफरा तफरी का माहौल बन गया। बुधवार सुबह करीब 9 बजे एक एकल दंतैल जंगली हाथी बंडामुंडा से सेक्टर रेलवे कॉलोनी के आसपास घूमता हुआ देखा गया। हाथी की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और लोग सुरक्षा की दृष्टि से घरों से बाहर निकल आए। बढ़ती भीड़ और शोरगुल को देखते हुए हाथी बंडामुंडा केंद्रीय विद्यालय के पीछे स्थित घने जंगल की ओर चला गया। इसके बाद वन विभाग और स्थानीय लोगों द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन हाथी का कोई सुराग नहीं मिल सका।

### मुख्यमंत्री ने दिए किट प्रमाण पत्र, कहा- गोल्डन आवर में मदद से बचेगी जान

# सड़क सुरक्षा में जशपुर बना मॉडल सीएम ने किया 222 मितानों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और गोल्डन आवर में घायलों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में जशपुर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की अनूठी पहल सामने आई है। इसी क्रम में विष्णुदेव साय ने 30 दिसंबर को जिले भर के 222 सड़क सुरक्षा मितानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण किट और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सड़क सुरक्षा मितान दुर्घटना के समय फर्स्ट रिस्पॉन्डर की भूमिका निभाते हैं। समय पर सहायता मिलने से जनहानि में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने प्रशासन– पुलिस के समन्वित प्रयासों की सराहना की।



**चरणबद्ध प्रशिक्षण से तैयार हुए स्वयंसेवक:** कलेक्टर जशपुर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर के निर्देशन में चयनित मितानों को पूर्व में चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर सुरक्षित, प्रभावी और त्वरित सहायता सुनिश्चित करना रहा।प्रशिक्षण में यातायात नियंत्रण, घायलों को सुरक्षित बाहर निकालना, प्राथमिक उपचार, रक्तस्राव रोकना, फ्रैक्चर की स्थिति में सहायता, सीपीआर, एम्बुलेंस व पुलिस से समन्वय तथा आपातकालीन हेल्पलाइन की जानकारी शामिल रही।

**रेडक्रॉस–पुलिस का संयुक्त अभियान:** रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला जशपुर और जिला पुलिस जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में इन 222 मितानों को दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पुलिस लाइन जशपुर, थाना कुनकुरी परिसर और अग्रसेन भवन पत्थलगांव में आयोजित हुआ, जहां जीवनरक्षा से जुड़े व्यावहारिक अभ्यास कराए गए।

### ऐसे जनहित के कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जिला पुलिस सड़क सुरक्षा मितानों के साथ समन्वय बनाकर दुर्घटनाओं के दौरान प्रथम प्रतिक्रिया दल के रूप में कार्य करेगी। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जनहानि कम करने की दिशा में ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

समारोह में सांसद राधेश्याम राठिया (रायगढ़), सांसद चिंतामणि महाराज (सरगुजा), विधायक श्रीमती गोमती साय (पत्थलगांव), विधायक श्रीमती रायमुनी भगत (जशपुर), पूर्व पर्यटन मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले की 10 सड़कों के लिए मिली 32 करोड़ की मंजूरी



**जशपुरनगर।** नववर्ष की शुरुआत से ठीक एक दिन पहले जिलेवासियों के लिए खुशखबरी लेकर आई है।प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की आवागमन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 10 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन हेतु कुल 31 करोड़ 91 लाख रुपए की बड़ी राशि स्वीकृत की है।

वर्षों से लंबित ग्रामीणों की बहुप्रतिक्षित मांग पूरी होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है और उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार जताया है। स्वीकृत सड़कों में जिले के मुड़ापारा से एनएच-43 रोड से चर्चपारा होते हुए सुकबासुपारा तक 2 करोड़ 47 लाख 97 हजार रुपए, ग्राम पंचायत कछार से सरपंच बस्ती चौक पक्की सड़क से तिरसोठ तक 3 करोड़ 41 लाख रुपए, कांसाबेल के डांडपानी से खूटेरा पहुंच मार्ग के लिए 4 करोड़ 52 लाख रुपए, पाले पखना से जुनवाईन पहुंच मार्ग के लिए 4 करोड़ 68 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है।इसी तरह कांसाबेल के सेमरकछार भट्ठीटोली से लपई पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ 69 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कर्रबेवरा से पखनापारा माड़ो गुफा तक पहुंच मार्ग के लिए 1 करोड़ 88 लाख रुपए, ग्राम पंचायत घरजियाबथान के ठाकुर मुड़ा से रघुनाथपुर जोड़ा तालाब मार्ग के लिए 2 करोड़ 61 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पाकरगांव से तुरवाआमा होते हुए चौराआमा पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ 61 लाख रुपए, ग्राम पंचायत भगरपुर से भगोरा पहुंच मार्ग के लिए 4 करोड़ 60 लाख रुपए तथा अटल चौक से पंडरीपानी होते हुए तिलंगा पहुंच मार्ग के लिए 2 करोड़ 43 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा विकास को नई गति मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सत्ता में आने से पहले जिले को विकास की बड़ी सौगात देकर उनकी वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है।

# जशक्राफ्ट से संवर रहा कालीन शिल्प

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में पारंपरिक हस्तशिल्प को नई पहचान और बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "जशक्राफ्ट" ब्रांड के अंतर्गत कालीन उत्पादन में उत्कृष्टता लाने हेतु विकास आयुक्त हस्तशिल्प, भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली की सीएचसीडीएस परियोजना के तहत "डिजाइन एंड डेवलपमेंट वर्कशॉप ऑन कारपेट क्राफ्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला जशपुर विकासखंड के बालाछापर ग्राम पंचायत स्थित रीपा परिसर में आयोजित की जा रही है।

■ डिजाइनिंग पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम



कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा जिला प्रशासन जशपुर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 दिसंबर 2025 से 18 मार्च 2026 तक कुल तीन माह की अवधि का होगा। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'जशक्राफ्ट ब्रांड'के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसका उद्देश्य कालीन, छिंद-कांसा, बांस एवं काष्ठ शिल्प से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं कारीगरों को तकनीकी दक्षता प्रदान करने के साथ-साथ स्थायी बाजार से जोड़ना है। यह संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेंद्र राजवाड़े ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग ले रही 30 महिलाओं को प्रति दिवस 300 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही, तैयार उत्पादों के विपणन की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा स्वयं वहन की जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा जशपुर जिले में कालीन उद्योग के अतिरिक्त 'काष्ठ हस्तशिल्प' का दो माह का प्रशिक्षण मनोरा विकासखंड के अलोरी ग्राम पंचायत में तथा 'गोदना शिल्प' पर एक माह का प्रशिक्षण दुलदुला विकासखंड में आयोजित किया जा रहा है।

## मछली मारने गए ग्रामीण की तालाब में डूबने से हुई मौत

**सीतापुर।** निजी तालाब में मछली मारने गए 45 वर्षीय ग्रामीण की डूबने से मौत हो गई। मृतक को तैरना नहीं आता था और जिस दौरान यह घटना घटी उस दौरान तालाब के आसपास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। इस घटना के बाद मृतक के घर में मातम छा गया है। उक्त घटना सोमवार को दोपहर 2 बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि 45 वर्षीय सुरेंद्र तिर्की आ नवल साय तिर्की निवासी भारतपुर लकरालता स्थिति अपने निजी तालाब में मछली मारने गया था। मछली मारने के दौरान उसका पैर फिसला और वो किनारे से फिसलकर गहरे पानी मे चला गया जिसकी वजह से ग्रामीण की तलब में डूबने से मौत हो गई। मृतक को तैरना नही आता था और जिस दौरान ये घटना घटी उस दौरान आसपास कोई भी नही था जो ग्रामीण को बचा सके। दिन ढलने के बाद ग्रामीण जब रात को घर नहीं पहुंचा तो घरवालों को इसकी चिंता सताने लगी लेकिन पहाड़ी इलाका होने की वजह से घरवाले रात को नही ढूंढने नहीं निकले। दूसरे दिन सुबह जब ढूंढते हुए घरवाले तालाब के पास पहुंचे तो उन्हें घटना स्थल पर ग्रामीण का चप्पल व झोला नजर आया जिसके बाद गांव के युवा तालाब में उतर कर उसकी तलाश करने लगे।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही जनसंपर्क की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था और आम जनता के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी सूचना का आदान-प्रदान होती है। जशपुर जिले में इस जिम्मेदारी को जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार और उनकी टीम बखूबी निभा रही है।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और जिले की सकारात्मक छवि को निखारने में इस टीम का समर्पण अब धरातल पर दिखने लगा है।सू. चना का सशक्त माध्यम बनी टीमनूतन सिदार के नेतृत्व में जनसंपर्क विभाग की टीम ने डिजिटल और प्रिंट मीडिया के साथ समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र को अत्यंत सक्रिय बना दिया है। जिले के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ग्रामीणों तक



सरकार की योजनाओं, जैसे महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि योजना और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी समय पर पहुंचाई जा रही है। सराहना के प्रमुख बिंदुःत्वरित सूचना प्रवाहः जिले में होने वाली हर छोटी-बड़ी प्रशासनिक गतिविधियों और विकास कार्यों की जानकारी त्वरित गति से मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुँचाना। जनसंपर्क टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स का सकारात्मक उपयोग कर भ्रामक खबरों का खंडन और सही जानकारी का प्रसार किया जा रहा है। जशपुर के प्रबुद्ध नागरिकों और मीडिया जगत ने जनसंपर्क विभाग के इस सक्रिय स्वरूप की सराहना करते हुए, इसे जिले के विकास के लिए एक शुभ संकेत बताया है।

# 48 डिग्री तापमान वाले क्षेत्र में जिले के किसान दे रहे कृषि को नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ जिले में किसान खेती की परम्परागत तरीकों को पीछे छोड़ते हुए इस क्षेत्र में एक नया आयाम लिख रहे है। कोई चीन में उगने वाले ड्रैगन फ्रूट की खेती कर रहा तो, कोई तपती जमीन में सेब की खेती कर रहा। इसी कड़ी में जिले के पुसौर ब्लॉक में किसान जगदीश गुप्ता के द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत खेती में नवाचार के तहत अपने एक एकड़ की जमीन में सेब की खेती कर रहे हैं। सेब जो कि ज्यादातर ठंड वाले इलाकों में उगती है, उसकी खेती यहां करने की कोई सोच भी नहीं सकता, लेकिन नवाचार के जरिए जगदीश गुप्ता ने ना सिर्फ सेब के पेड़ लगाए, बल्कि अब ये पेड़ फल देने भी लग गए है। इसी विषय में जगदीश गुप्ता ने बताया कि उद्यानिकी विभाग के द्वारा सेब के पौधे उपलब्ध कराये गए थे, शुरू में हमने कुछ पेड़ लगाए तो अच्छा परिणाम मिला, अब कुल एक एकड़ क्षेत्र में 200 पौधे लगाए गए हैं।

■ धान की परम्परागत खेती छोड़ सेब और ड्रैगन फ्रूट की कर रहे खेती

### कुछ सालों में उत्पादन होने की उम्मीद

किसान जगदीश गुप्ता ने बताया कि 2023-24 में लगाए गए ये सेब के पेड़ एचआरएमएन-99 रेड नाम की वैरायटी के है। इनमें पिछले साल प्रनिंग भी हुई थी लेकिन ट्यूबवेल में खराबी की वजह से पानी दिए तो सब खराब हो गए। अभी फिर से इनमें प्रोनिंग हो रही है, कुछ पेड़ो में फल भी लगे थे लेकिन सीमित मात्रा में उत्पादन था।

### कम लगात में अच्छा मुनाफा

किसान प्रताप बहादुर सिंह ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती करने में ज्यादा लागत नहीं आई ।विभाग के द्वारा पौधे उपलब्ध कराए गए थे, इन पौधों को ज्यादा पानी की भी जरूरत नहीं है। इस पौधे में मुश्किल से हर साल 20-30 हजार की लागत में खर्चा आता है, और मार्केट में बेच के 1.5 से 2 लाख तक की कमाई हो रही है। वर्तमान में 250 रुपए किलो के हिसाब से इसकी बिक्री की जा रही है।

# स्पर्धा में दौड़ रहे छात्र की मौत चल रहा है वार्षिक खेल कूद

**सुंदरगढ़।** जिले के भवानीपुर स्थित एकलव्य मॉडल स्कूल में बुधवार 31 दिसंबर को आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। सुबह लगभग 11 बजे दौड़ प्रतियोगिता में भाग ले रहा एक छात्र अचानक मैदान में गिर पड़ा, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मृत छात्र की पहचान जयदेव बेक, प्लस टू प्रथम वर्ष विज्ञान के छात्र के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जयदेव बेक दौड़ प्रतियोगिता में शामिल था, तभी अचानक वह जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद शिक्षकों ने तत्काल उसे सुंदरगढ़ सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ साथ पीएआईटीडी, डीडब्ल्यूओ एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर को अवगत कराया गया। सभी संबंधित अधिकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा एकलव्य मॉडल स्कूल के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसारए एक दिन पहले भी जयदेव बेक दौड़ते समय गिरकर बेहोश हो गया था, लेकिन उस समय न तो उसे उचित चिकित्सकीय जांच के लिए भेजा गया और न ही इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई।

## धान उपार्जन केंद्र गंझहियाडीह बना किसानों के लिए राहत केंद्र

**जशपुरनगर।** धान उपार्जन केंद्र गँझहियाडीह में इस वर्ष धान खरीदी की व्यवस्था किसानों के लिए बेहद सहज, सुव्यवस्थित और राहतभरी साबित हो रही है। यहां किसानों को न तो लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और न ही किसी तरह की अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। सुचारु व्यवस्था के चलते किसान आसानी से और समय पर अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं। उपार्जन केंद्र गँझहियाडीह में ज्ञानेश्वर साय (महुआडीह) 845 बोरी धान लेकर पहुंचे, जहां बिना किसी परेशानी के धान की खरीदी की गई। इसी प्रकार अजित पुरी (अवरीजोर) 400 बोरी धान लेकर आए, जिनका धान भी सहजता से खरीदा गया। नंदकिशोर (डुमरिया) 231 बोरी धान लेकर केंद्र पहुंचे, जबकि परमानंद साय (डुमरिया) सहित आज कुल 34 किसानों के टोकन काटे गए।

# जोगपाल पब्लिक स्कूल में मना वार्षिक खेलकूद दिवस



**कांसाबेल।** जोगपाल पब्लिक स्कूल, कांसाबेल में वार्षिक खेलकूद दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में खेल भावना, अनुशासन और उमंग का उत्साहजनक माहौल देखने को मिला। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अनेक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और टीम भावना का परिचय दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसआई सुनील सिंह (कांसाबेल) रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि एएसआई राजेश यादव ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल-कूद विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन कुलवंत सिंह भाटिया ने की, जबकि डायरेक्टर सरनजीत सिंह भाटिया एवं प्राचार्य शंकर कुमार भी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेल को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। दिनभर चले कार्यक्रम में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, रिले रेस, लंबी कूद तथा मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने पूरे जोश के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अभिभावकों व शिक्षकों ने जोरदार तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक चैम्पियनशिप से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक चैम्पियनशिप से सम्मानित किया गया। सीनियर गर्ल्स चैम्पियन प्रिंसी अग्रवाल सीनियर बॉयज़ चैम्पियन अर्नॉल्ड कुजूर जूनियर बॉयज़ चैम्पियन अंशु शौर्य भगत जूनियर गर्ल्स चैम्पियन अंशु अर्जु तिर्की पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### एमसीसी जशपुर ने जीता विजेता का खिताब

# झूमर की बेहतरीन पारी से झूमा लैलूंगा मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

रायगढ़ जिले के लैलूंगा के आयोजित रानी दुर्गावती बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 ( 06 वां संस्करण) जो इन मैदान लैलूंगा में 21 दिसम्बर से 29 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिलों की बालिका क्रिकेट टीमों ने भाग लिया था। युवा खिलाड़ी और राष्ट्रीय समाजसेवी सूर्यकान्त चंद्रा ने बताया कि, इस प्रतियोगिता में महारानी क्रिकेट क्लब इचकेला, जशपुर की टीम ने आकांक्षा रानी की कप्तानी में लगातार 7 मैच जीतकर, अजेय रहते हुए फाइनल मैच तक पहुंची और इस प्रतियोगिता की विजेता रही।

सेमीफाइनल में रायपुर की टीम को हराकर फाइनल में भिलाई जैसी मजबूत टीम को एकतरफा मुकाबले में 65 रनों से हरा दिया। महारानी क्रिकेट क्लब इचकेला के



कोच संतोष कुमार ने बताया कि, हमारी महारानी क्रिकेट क्लब इचकेला की टीम में जितने की गजब की इच्छाशक्ति है। हमारी टीम जहां भी जाती है अपने उत्कृष्ट खेल का परिचय देती है। सेमीफाइनल मैच में आकांक्षा रानी ने 15 गेंदों तूफानी 36 रनों की पारी खेली थी। झूमर तिर्की ने अपने परिपक्वता का परिचय देते हुए अंत तक क्रीज पर खड़ी रही और शानदार 36 रनों की पारी खेलते हुए मैच को जिताया और अपनी टीम को फाइनल पहुंचाया। और फाइनल मैच में भी महारानी क्रिकेट क्लब जशपुर की टीम 12 ओवरों में 135 का स्कोर बनाया जिसका पीछा करते हुए भिलाई की पूरी टीम आधा स्कोर तक ही पहुंच पाई और महारानी क्रिकेट क्लब जशपुर की टीम ने 65 रनों के बड़े अंतर से एकतरफा जीत हासिल किया। साथ इस प्रतियोगिता का विजेता बनकर 1लाख रुपए की इनामी राशि भी जीत लिया। महारानी क्रिकेट क्लब इचकेला टीम के सदस्यों ने इस जीत का श्रेय सभी जशपुर वासियों को दिया है। साथ ही हास्टल अधीक्षिका श्रीमती पंडरी बाई, शंकर सोनी, सहित तमाम लोगों ने रानी दुर्गावती क्रिकेट क्लब को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका यह प्रतियोगता बालिकाओं की प्रतिभा को आगे लाने में अहम भूमिका निभा रहा है।


## तेज रफ्तार वाहन ने ले ली बाइक सवार युवक की जान

जशपुरनगर। जिले में तेज रफ़्तार वाहन ने बाइक सवार युवक की जान ले ली। जानकारी के अनुसार आशिक रजा झारखंड निवासी, बगीचा थाना क्षेत्र था में जेसीबी ड्राइवर का काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। मिली जानकारी अनुसार बगीचा थाना क्षेत्र के पतरापारा गांव में बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने सुबह करीब 8 बजे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान आशिक रजा नामक युवक के रूप में हुई है, जो झारखंड के हजारीबाग का रहने वाला था और बगीचा थाना क्षेत्र के कुरडेग गांव में जेसीबी मशीन चलाता था।



# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टारर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।



## लाइफ Style

# मृणाल

## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन' साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन' अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

# सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे।

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज



**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

पंचायत सीजन 5 : गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

गुल्लक सीजन 5 : मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है। हीरामंडी सीजन 2 : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2 : भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

तस्करीः द स्मगलर्स वेब : क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

*मुंबई।* *साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे। हालांकि, 'द गर्लफ्रेंड' के प्रोग्राम विजय ने पब्लिकली रश्मिका के हाथों को चूमा था। ये किसी की नजर से छिप नहीं सका था। रश्मिका और विजय ने 2018 में 'गीता गोविंदम' फिल्म की थी। इसके बाद 2019 में 'डियर कॉमरेड' में भी नजर आए। तभी से ही इनके लिंकअप की चर्चा शुरू हुई थी। फैंस दावा करते हैं कि दोनों वेकेशन पर भी साथ जाते हैं, लेकिन फोटो अलग-अलग पोस्ट करते हैं।*



## शब्द पहेली - 6095



**बाएँ से दाएं-**
1.दयालु,उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 6094 का हल



## सूडोकु नवताल - 6105

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### खाना बना रही महिला की साड़ी में लगी आग

**रायगढ़।** खाना बनाते समय महिला की साड़ी में आग लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने आग बुझाकर उसे तत्काल सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति में रायगढ़ रेफर किया गया। एक सप्ताह तक चले इलाज के बाद महिला की मौत हो गई।
घटना धरमजयगढ़ के वार्ड नंबर 12 नीचेपारा की है, जहां मृतका खेबा माली 47 घर में 21 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान उसकी साड़ी में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरे शरीर में फैल गई। परिवार के लोग कुछ समझ पाते उसके पहले महिला के कमर के नीचे दोनों पैर बुरी तरह झुलस गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद रायगढ़ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### महुआ शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम खोखरा थाना.पुसौर में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आबकारी विभाग को प्राप्त शिकायत के आधार पर 29 दिसंबर को आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी देवनारायण यादवए पिता स्व.चैतराम यादव, 55 निवासी ग्राम खोखरा के रिहायशी मकान में छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान मकान के एक कमरे से सफेद गुलाबी रंग के थैले में रखी गई अवैध महुआ शराब जब्त की गई। जब्त सामग्री में 05 लीटर क्षमता की प्लास्टिक जरीकेन में भरी 04 लीटर तथा 02 लीटर क्षमता की हरे रंग की बोतल में भरी 02 लीटर, कुल 06 लीटर महुआ शराब शामिल है।

### अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी पकड़ा गया

**कोसीर।** कोसीर पुलिस ने 29 दिसम्बर को अवैध शराब बिक्री करने वाले पकड़ा है। जानकारी के अनुसार कोसीर निवासी सुनील कुमार सारथी के यहां बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब बिक रही थी। जानकारी मिली तो कोसीर पुलिस ने उसके घर मे दबिश दी। जहां दो जरकिन याने 12 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी सुनील कुमार सारथी को थाना लाया गया। आरोपी को जेल भेज गया।



### जांजगीर में निशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का आयोजन 4 को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। डॉ लोकेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि यह मेगा कैंप शिविर 4 जनवरी को क्षेत्रीय विधायक जांजगीर-चांपा व्यासनारायण कश्यप के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा और यह आयोजन संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर में आयोजित किया जायेगा। ब्लड प्रेशर जांच,ईसीजी, टू डी ईको, यूरिन टेस्ट,ब्लड शुगर जांच,एच बी ए टी सी, बीबीसी टेस्ट,सीरम क्रिएटिनिन, कोलेस्ट्रॉल जांच ,ऑक्सीजन सैचुरेशन और बीएमआई, बी एम आई ,टीएमटी ट्रेड मिल टेस्ट इत्यादि जांच की सुविधाएं हैं। रविवार 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर में आयोजित किया गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का लाभ उठाने की अपील की हैं।

### रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला का आयोजन 7 को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आजीविका सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 जनवरी को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम पंचायत कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी जनपद पंचायत नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम पंचायत खैरताल जी.एल.डी., स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला एवं आजीविका ऋण मेला आयोजन किया जाएगा।

# अपने हुए अपनों के खून के प्यासे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस साल अपने ही अपनों के खून के प्यासे जरुर हो गए। आधे दर्जन से अधिक ऐसी घटनाएं घटी जिससे जिला दहल गया। पति ने जहां पत्नी की सुपारी दे दी। वहीं भाई ने भाई को मौत के घाट उतार दिया। सड़क दुर्घटना के मामले में भी अन्य जिलों से रायगढ़ के आंकड़े काफी डरावने हैं। साल भर में हुई हत्या के आंकड़ों पर नजर डालें तो पारिवारिक विवाद, आपसी रंजिश और नशे की लत ने 57 की जान ले ली। हत्या के प्रयास के भी 24 मामले दर्ज किए गए हैं। ज्यादातर हत्याओं का कारण पारिवारिक विवादए आपसी रंजिशए शंकाए दुश्मनी और नशा ही बना है। रिश्तों में बढ़ती दरारें और बढ़ती वारदातों से जहां पीड़ित परिजन हैरत में हैं तो पुलिस के लिए भी ऐसी वारदातों को रोकना चुनौती बना हुआ है।



### ससुर ने नाबालिग संग मिल कर की दामाद की हत्या

घरघोड़ा थाना क्षेत्र के बरपाली गांव में 24 सितंबर को युवक बलराम सारथी की हत्या कर दी गई थी। घरघोड़ा पुलिस ने मृतक के ससुर रामस्वरूप सारथी, गांव के युवक देवनंदन राठिया और एक नाबालिग को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। बलराम सारथी अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था इसीलिए उसके ससुर ने उसकी हत्या की साजिश रची थी।

### पुस्तैनी जमीन को लेकर भतीजे की हत्या

घरघोड़ा थाना के कुर्मीभौना सुकबासीपारा की घटना है। यहां पवन कुमार राठिया और बड़े पिता मंगलू राठिया के घर उधार के पैसे मांगने गया था। मंगलु राठिया पुस्तैनी जमीन के एवज में उससे दो लाख लिया था। उसी पैसे को पवन राठिया मांगने गया था। इस बीच दोनों के बीच कुछ विवाद हो गया और मंगलु राठिया ने लकड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में पवन राठिया की मौत हो गई।

### जमीन को लेकर भाई की हत्या

लैलूंगा थाना के ग्राम बैस्कीमुड़ा में अर्जुन पैंकरा 37 की हत्या उसके ही भाई अरविंद पैंकरा ने कर दी। 27 जून को अर्जुन पैंकरा अपने भाई अरविंद पैंकरा के घर गया था। दोनों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि तैश में आकर अरविंद पैंकरा ने उसके भाई पर बसूले से हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई।

### जमीन के लिए दोस्त संग पिता को सुला दी मौत की नींद

सितंबर माह में घरघोड़ा थाना के ग्राम कठरापाली में 62 वर्षीय नत्थुराम चौहान की हत्या कर दी गई थी। नत्थुराम की जमीन को उसका बेटा मालिकराम बेचना चाह रहा थाए लेकिन वह राजी नहीं था। ऐसे में मालिकराम ने अपने दोस्त सजन अगरिया के साथ मिलकर उसे मौत के घाट उतार दिया था।

### पिता-पुत्र ने पुरानी रंजिश में पूरे परिवार को दे दी मौत

11 सितंबर को ग्राम ठुसेकेला राजीव नगर में बुधराम उरांव 42 उसकी पत्नी सहोद्रा 37, बेटा अरविंद 12 और शिवांगी 5 के शव बाड़ी में खाद के गड्ढे से बरामद हुए थे। अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी थी। जांच टीम को पड़ोसी लकेश्वर पटैल पर संदेह हुआ। साक्ष्य मिलने पर पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसके पड़ोसी बुधराम उरांव से उसका विवाद चल रहा था। लकेश्वर को लगता था की बुधराम का उसकी पत्नी के साथ चक्कर है। ऐसे में उसने अपने नाबालिग बेटे के साथ घर घुस कर बुधराम, उसकी पत्नीए बेटी व बेटा को मौत के घाट उतारते हुए उनके शव को उन्हीं के घर की बाड़ी में दफना दिया था।

### पत्नी की पति ने की हत्या

छाल थाना क्षेत्र के ग्राम ऐडूकला में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। 3 सितंबर को भोजन के दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी बात से नाराज होकर पति धनेश्वर श्रीवास ने पत्नि 26 वर्षीया शारदा श्रीवास को मौत की नींद सूला दिया।आरोपी नशे का आदी था।

### चार में साल में हुए हत्या के आंकड़े

| साल | - | हत्या |
|---|---|---|
| 2022 | - | 75 |
| 2023 | - | 65 |
| 2024 | - | 60 |
| 2025 | - | 57 |

### पति ने पत्नी की दी सुपारी, बच्चों को भी मारा

22 मई को छाल थाना क्षेत्र के ग्राम कीदा में सुकांति साहू 35 उसका बेटा युगल 15 व बेटी प्राची 12 की सड़ी.गली लाश मिली। जिनके शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। पुलिस जांच में महिला का पति महेन्द्र ही मुख्य अरोपी निकला। आरोपी महेन्द्र शराबए गंजेड़ी और आपराधिक प्रवृत्ति का था। वह अपनी अय्याशी पूरी करने के लिए पत्नी सुकांती से रुपयों की मांग करता थाए सुकांती द्वारा रुपए देने में आनाकानी करने से महेन्द्र ने उसकी हत्या की साजिश रची। सोते हुए सुकांती पर टांगी से तोड़ हमला कर उसे मौत की नींद सुला दिया। तभी उसकी बेटी जगी तो आरोपी ने उसे भी मार दिया। जब दो की हत्या कर चुका था तो उसने युगल को जिंदा छोड़ना मुनासिब नहीं समझा और सो रहे युगल की भी टांगी से हत्या कर दी थी।

### मुआवजा राशि को लेकर सास-दामाद की हुई थी हत्या

3 अक्टूबर को ग्राम रायकेरा के घुराउ राम सिदार 55 वर्ष और उनकी सास सुकमेत उर्फ सुखमेत सिदार 70 वर्ष का शव उनके ही घर की परछी में मिला था। दोनों की गला घोंटकर हत्या की गई थी। मृतक के बेटे रविशंकर सिदार और रामप्रसाद सिदार से पूछताछ की गई। दोनों ने पूछताछ में जुर्म कबूल किया। मृतक और मृतिका का आरोपी रामप्रसाद के बीच एनटीपीसी के मुआवजा रकम को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, इसी वजह से उसने ऐसा कदम उठाया।

### एक्सपर्ट व्यू

इस संबंध में शहर प्रतिष्ठित मनोचिकित्सक डॉ. राजेश अगल्ले से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अगर कोई भी किसी का मर्डर करता है तो उसके पीछे कुछ न कुछ कारण होता है। यह कारण पर्सनली दुश्मनी भी हो सकती है या सामने वाले की प्रताड़ना भी हत्या का कारण बन जाता है। इसके अलावा हत्या की सबसे बड़ी वजह नशा भी है। नशा करने के बाद लोग जल्दी आवेश में आ जाते हैं। जिससे वो या तो खुद के लिए आत्मघाती हो जाते हैं या सामने वाले के लिए बन जाते हैं। इसके अलावा जो आदतन अपराधी होते हैं उनके लिए हत्या करना पेशा है। उन्हें किसी चीज का डर नहीं रहता है। ऐसी वारदातों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है, ताकि हत्या के बढ़ते आंकड़ों को रोका जा सके।

# अलविदा-2025

खट्टी-मीठी यादों के बीच हम गुजरे साल 2025 की विदाई और नवागंतुक वर्ष 2026 की स्वागत में जश्न मना रहे हैं। साल 2025 पर नजरें डालें तो राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रुप से काफी उथल-पुथल भरा रहा। राजनीतिक मायने में देखें तो यहां नए समीकरण बना और शहर सरकार बदल गई। वहीं सामाजिक स्तर पर भी काफी उतार-चढ़ाव नजर आया। अधोसंरचना पर गौर करें तो शिक्षा का उजियारा फैलाने जहां महानगरीय तर्ज पर नालंदा परिसर का निर्माण हो रहा है।

कुछ समय बाद जिले वासियों को नालंदा समर्पित किया जा सकता है। वहीं उद्यानिकी कॉलेज भी चालू हो गई है। इतवारी बाजार में ऑक्सीजोन का निर्माण भी काफी हद तक पूरे होने की कगार पर है। संगीत महाविद्यालय की नींव भी यहां रखी जाएगी। लोहरसिंग में करीब 42 एकड़ में स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। 6 फोर लेन सड़कें भी बनेंगी। जी प्सल टू ट्रांजिट हॉस्टल का भी निर्माण होगा। हवाई पट्टी के लिए सर्वे भी चालू हो गया है। खर्राघाट में नए पुल का निर्माण भी होगा। इन अधोसंरचना पर अरबों का बजट खर्च होगा। माना जा रहा है कि आने वाले साल में ये सुविधाएं विकसित होने के बाद जिले की सुरते-हॉल भी बदल जाएगी। ऐसा नहीं है कि हमें साल 2025 में सिर्फ खुशिंया ही मिली, कई गम भी मिला है। इसमें सबसे बड़ी गम तो 14 जून को मिला जब प्राइवेट कॉलोनी के लिए न्यू मरीन ड्राइव निर्माण के नाम पर करीब 300 घरों को बुलडोजर से ढहा दिया गया। आंसुओं के सैलाब पर प्रशासनिक आतंक का ऐसा बुलडोजर चला कि गरीबों की कुटिया तार-तार हो गई। तीन सौ घरों में रहने वाले करीब एक हजार लोग बेघरबार हो गए। इधर जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए धरमजयगढ़ क्षेत्र के करीब 8 गांव के सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुषों ने सर्द रात में रातभर सड़क पर बैठे रहे। विरोध की यह तस्वीर भी हमें सालों-साल दर्द देता रहेगा। साल के अंत में तमनार में जो घटनाएं घटी वह किसी त्रासदी से कम नहीं था। यहां पुलिस के उकसावे पर ग्रामीणों और पुलिस के बीच जमकर लात-घूसें और लाठी-डंडे चले, कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। पथराव भी हुआ और तमनार टीआई को ग्रामीण महिलाओं के कोप भाजन का शिकार होना पड़ा। यह ऐसी घटनाएं है जो आजीवन हमें सालता रहेगा। कुल मिलाकर 2025 का साल काफी उथल-पुथल भरा रहा। अब नए साल की नई सुबह में आज हम एक नई उमंग, नए उत्साह, नए आगाज और नई उम्मीदों के साथ सफर की शुरुआत कर रहे हैं। बीता साल 2025 में जो ख्वाब, जो सपने हमने संजोया था उसमें कुछ पूरे हुए तो कुछ अधूरे रहे। जो अधूरा रह गया उसे पूरा करने और नए सपने संजोने का यह सिलसिला साल-दर-साल चलता ही रहता है, लेकिन नव वर्ष की पहली किरण के साथ जो नया सबेरा आया है यह हमें नई चुनौतियों से लड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।









### इन तस्वीरों ने किया विचलित

**पहली तस्वीर :** जो पुलिस पार्टी नजर आ रही है वे प्रगति नगर के लोगों को बल पूर्वक उनके घर से बेदखली कर रहे हैं। यह घटना बीते 14 जून की है जब प्राइवेट कॉलोनी के लिए न्यू मरीन ड्राइव निर्माण के नाम पर करीब 300 घरों को बुलडोजर से ढहा दिया गया। आंसुओं के सैलाब पर प्रशासनिक आतंक का ऐसा बुलडोजर चला कि गरीबों की कुटिया तार-तार हो गई। तीन सौ घरों में रहने वाले करीब एक हजार लोग बेघरबार हो गए।
**दूसरी :** तस्वीर भी कम विचलित करने वाली नहीं है। यहां अपनी जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए धरमजयगढ़ क्षेत्र के करीब 8 गांव के सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुषों ने सर्द रात में रातभर सड़क पर बैठे रहे। विरोध की यह तस्वीर भी हमें सालों-साल दर्द देता रहेगा। जिसमें दूध पीते बच्चों का गोद में लेकर वहां की महिलाएं कलेक्टोरेट के बाहर रात भर सड़क पर बैठकर गुजारी। इतना सबकुछ होने के बाद यहां किसी अधिकारी का दिल नहीं पसीजा। कोई अपने चेंबर से बाहर ही नहीं आया। थक हारकर घर लौट गए, लेकिन आंदोलन जारी है।
**तीसरी और चौथी :** तस्वीर साल के अंत में तमनार में जो घटनाएं घटी वह किसी त्रासदी से कम नहीं था। यहां पुलिस के उकसावे पर ग्रामीणों और पुलिस के बीच जमकर लात-घूसें और लाठी-डंडे चले, कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। पथराव भी हुआ और तमनार टीआई को ग्रामीण महिलाओं के कोप भाजन का शिकार होना पड़ा। यह ऐसी घटनाएं है जो जिले वासियों को आजीवन सालता रहेगा।



## धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

धारदार हथियार से युवक पर जान लेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना अंतर्गत ग्राम बहेराडीह का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बहेराडीह निवासी मंगलुराम यादव ने 29 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शाम करीबन 4:30 बजे घर से तालाब की ओर दिशा मैदान करने गया था, जो वापस आते समय पड़ोस के ओमप्रकाश यादव से मिला ओम प्रकाश यादव अपने गाय को ढूंढने घर से निकला था। आरोपी ओम प्रकाश यादव द्वारा गाली गलौज करने लगा और अपने पास रखें चाकू से प्रार्थी की हत्या करने की नीयत से गले पर प्राण घातक हमला कर दिया। इस दौरान ओम प्रकाश यादव मौके से भाग गया। थाना चांपा में तत्काल हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना चापा से एक टीम मौके की ओर रवाना किया गया पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर प्रारंभिक तौर पर गुमराह करते रहे परंतु बारीकी से पूछताछ करने पर सभी आरोपी ने प्रार्थी मंगलू राम यादव के साथ चाकू से प्राण घातक हमला करना स्वीकार किया।

## लॉकर नहीं टूटा तो चोरों ने घर के पीछे झाड़ियों में फेंक दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- मालिक की सूचना पर खोजबीन कर पुलिस ने लॉकर को

दो दिन पहले फ्रेंड्स कॉलोनी में हुई चोरी की घटना में एक नया खुलासा हुआ है। इसमें घर का लॉकर तोड़ नहीं सके तो चोरों ने उसे झाड़ियों में फेंक दिया। इस तिजोरी को सूने घर के पीछे का ग्रील तोड़कर चोरों ने पार कर दिया। जब तिजोरी का लाक नहीं खुला तो उसे झाड़ियों में फेंककर चोर फरार हो गए।

जानकारी के मुताबिक फ्रेंड्स कालोनी के मकान नंबर 19 में रहने वाला आलोक अग्रवाल 37 साल पूरे परिवार के साथ शनिवार को अपने घर में ताला बंद कर निजी काम से रायपुर गया था। सोमवार को उसे वापस लौटना था। ऐसे में उसने अपनी काम वाली बाई को घर की सफाई करके रखने की बात कही। जब काम वाली बाई सफाई करने के लिए दोपहर में पहुंची, तो बाहर में ताला लगा है, जिसे खोलने का प्रयास की तो दरवाजा अंदर से बंद होने की वजह से नहीं खुला। इसके बाद उसने इसकी जानकारी आलोक को दी, तो उसने अपने रिस्तेदार को भेजा। तब रिस्तेदार वहां पहुंचे और घर के पीछे गए, तो जानकारी मिला कि पीछे की खिड़की का ग्रील टूटा हुआ है और जब वे खिड़की से अंदर गए तो देखा कि सब सामान बिखरा पड़ा है।



### झाड़ियों से हुआ बरामद

पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार को घर के पीछे जब जांच किया गया तो तो वहां झाड़ियों में तिजोरी मिली। पुलिस ने तिजोरी को बरामद किया। बताया जा रहा है कि इसमें करीब ढाई लाख कैश और लगभग 50 तोला सोने चांदी के जेवरात व सामान थे। वहीं आंकलन के बाद स्पष्ट खुलासा होने की बात कही जा रही है।

## शिक्षक भर्ती को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- सहायक शिक्षको के 2300 पदों को भरने की मांग

सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों को भर्ती की मांग को लेकर युवा कांग्रेस महासचिव राकेश पांडेय और युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण उस्मान बेग के नेतृत्व में दर्जनों युवा कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। डीएड बीएड संघ के अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद प्रदेश सरकार ने उन की नियुक्तियों पर रोक लगा रखा है, उच्च न्यायालय ने यह भी निर्देशित किया है की यह भर्ती दो माह के भीतर जारी किया जाए, दो वर्ष बीतने के बाद भी सभी शिक्षक नियुक्ति से वंचित है।

आवेदन में जल्द भर्ती करने की मांग की गई। प्रदेश महासचिव राकेश पांडेय ने कहा की कई अभ्यर्थियों की आयु सीमा लगभग समाप्ति की ओर है, जिसके कारण यह भर्ती उनके लिए अंतिम अवसर है। पात्र अभ्यर्थी लगभग दो वर्षों से योग्य होने के बावजूद नियुक्ति से वंचित है। भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार के समय यह नियुक्ति निकाली गई थी जो अब तक अधूरी थी जिसे वर्तमान राज्य सरकार को कोर्ट ने भर्ती करने लताड़ लगाई थी और दो महीने में भरने आदेश किया था। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उस्मान बेग ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का पालन कर शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के पूरे 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द 1:3 के अनुपात में शुरू किया जाए। डीएड अभ्यर्थियों का



अनिश्चितकालीन अनशन भी रायपुर में लगातार जारी है। इसमें शिक्षा विभाग से हस्तक्षेप कर अनशन समाप्त कराने और भर्ती प्रक्रिया तत्काल शुरू करने की मांग की गई है।

**हरिभूमि**
पाठकों के लिए माह दिसम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह दिसम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जनवरी 2026 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

स्टंट एवं हुडदंग करने वालों पर रखी जाएगी कड़ी नजर

## नववर्ष को लेकर धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में होगी पुलिस बलों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नववर्ष को लेकर जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। इस दौरान हुडदंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में नव वर्ष की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 31 दिसंबर की शाम से ही जिले के सभी प्रमुख स्थानों, बाजारों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती जावेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है तथा निरंतर गश्त की व्यवस्था की गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की विशेष तैनाती की गई है एवं आवश्यकतानुसार मार्ग परिवर्तन लागू किए जाएंगे। शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति, स्टंट एवं हुड़दंग करने वालों तथा डीजे बजाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जावेगी। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस बल एवं रिस्पॉन्स टीमों की तैनाती की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम एवं डायल 112 को सक्रिय रखा गया है।पुलिस प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

